‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’

चर्चा में क्यों?

25 अगस्त, 2021 को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण के अंतर्गत लाभार्थियों को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन वितरित किया।

प्रमुख बिंदु

- ध्यातव्य है कि हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा 10 अगस्त, 2021 को **‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण** का शुभारंभ प्रदेश के **महोबा जनपद** से किया गया है। इसके तहत देश में **कुल 1 करोड़ निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन** गरीब एवं ज़रूरतमंद परिवारों को प्रदान किये जाएंगे।
- ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण हेतु प्रदेश के 10 जनपदों- सोनभद्र, बांदा, महोबा, चित्रकूट, रायबरेली, हरदोई, बदायूँ, अमेठी, फतेहपुर एवं फर्रुखाबाद का चयन किया गया है। इन जनपदों की 20 लाख लाभार्थियों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किये जाएंगे।
- गौरतलब है कि **‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के प्रथम चरण के तहत देश के 8 करोड़** से अधिक परिवारों को नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किये जा चुके हैं। प्रदेश में योजना से **1.47 करोड़ परिवार लाभान्वित** हुए हैं। यह **संख्या पूरे देश में सर्वाधिक** है।
- ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के द्वितीय चरण में उन **प्रवासी श्रमिकों के लिये विशेष प्रावधान** किये गए हैं, जो ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के प्रथम चरण में पते के प्रमाण के अभाव में योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए थे।
- गौरतलब है कि ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ के अंतर्गत मार्च 2020 तक 8 करोड़ वंचित परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य था, जिसे 7 महीने पूर्व सितंबर, 2019 में प्राप्त कर लिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-ujjwala-yojana-2